
## न्यू यॉर्क राज्य का बाल नियंत्रण कानून (न्यू यार्क स्टेट चाइल्ड रेस्ट्रेन लॉ) - *बाल यात्री नियंत्रण कोई विकल्प नहीं हैं, वे कानून हैं!*

**जब तक बच्चे अपने 8वें जन्मदिन की अवस्था तक नहीं पहुंच जाते**, तब तक मोटर वाहन में सवारी करते समय सभी बच्चों को एक उपयुक्त बाल नियंत्रण सिस्टम में संभाल कर ले जाया जाना चाहिए। एक उपयुक्त बाल नियंत्रण सिस्टम वह है जो निर्माता द्वारा अनुशंसित बच्चे के आकार और वजन को पूरा करती है।

I




**बच्चे के विकास, वृद्धि और बाल यात्री सीटों और बूस्टर सीटों की ऊंचाई/वजन सीमाओं में अंतर के लिए हर एक सीट प्रकार की अनुशंसित आयु सीमा भिन्न होती है। इंस्टॉलेशन और सीट की ऊंचाई/वजन सीमा, और सीट के उचित उपयोग की जांच करने के लिए बाल यात्री सीट या बूस्टर सीट स्वामी के मैनुअल का उपयोग करें।* अगर बच्चा आठ साल का है और 4'9" से कम लंबा है या उसका वजन 100 पौंड से कम है, तो यह *अनुशंसा की जाती है* कि आप बाल नियंत्रण सिस्टम (चाइल्ड रिस्ट्रेन सिस्टम) का उपयोग करना जारी रखें।

### पीछे- की ओर देखने वाली बाल यात्री सीट

**जन्म से लेकर कम से कम 2 की उम्र तक***

बच्चा 2 साल की उम्र तक या उस बाल यात्री सीट की वजन या ऊंचाई की ऊपरी सीमा तक पहुंचने तक हार्नेस का उपयोग करते हुए पीछे की सीट पर सवारी करता है।

(कनवर्टिबल सीटों का उपयोग पीछे और आगे दोनों ओर देखने वाली स्थिति के लिए किया जा सकता है)

**पीछे देखने वाली हार्नेस स्थिति**

हार्नेस पट्टी की स्थिति कंधों के नीचे होती है

हार्नेस क्लिप बगलों के बीच छाती पर स्थित है

निचले हार्नेस को जांघों पर होना चाहिए न कि पेट पर

### सामने की ओर देखने वाली बाल यात्री सीट

**उम्र 2 से लेकर कम से कम 5 तक***

जब बच्चा पीछे की ओर देखने वाली सीट या पीछे की ओर देखने वाली सीट की स्थिति से बड़ा हो जाता है, तो उसे कम से कम 5 साल की उम्र तक या जब तक वह बच्चे की यात्री सीट के वजन या ऊंचाई की ऊपरी सीमा तक नहीं पहुंच जाता, तब तक हार्नेस का उपयोग करते हुए पीछे की सीट पर आगे की ओर मुंह करके सवारी करनी चाहिए। (कनवर्टिबल सीटों का उपयोग पीछे और आगे दोनों ओर देखने वाली स्थिति के लिए किया जा सकता है/कॉम्बिनेशन सीटें हार्नेस और बूस्टर के साथ कॉम्बिनेशन में आगे की ओर देखने वाली होती हैं)

**सामने की ओर देखने वाली हार्नेस स्थिति**

हार्नेस पट्टी की स्थिति कंधों के ऊपर होती है

हार्नेस क्लिप बगलों के बीच छाती पर स्थित है

निचले हार्नेस को जांघों पर होना चाहिए न कि पेट पर

### बूस्टर सीट

**4 - 7 साल***

इस बात की अनुशंसा की जाती है कि जब तक बच्चा सीट के निर्माता द्वारा अनुमत ऊंचाई या वजन की ऊपरी सीमा तक नहीं पहुंच जाता है, तब तक बच्चे को हार्नेस लगी, आगे की ओर देखने वाली बाल यात्री सीट का उपयोग करके पीछे की सीट पर सवारी करनी चाहिए।

जब बच्चा एक हार्नेस लगी आगे की ओर देखने वाली बाल यात्री सीट की सीमा से बड़ा हो जाता है, तो उसे वाहन की पिछली सीट पर सवारी करते हुए बूस्टर सीट पर ले जाया जाना चाहिए। (कॉम्बिनेशन सीटें आगे की ओर देखने वाली, हार्नेस व बूस्टर के साथ होती हैं)

**बूस्टर सीट बेल्ट की स्थिति:**

1. कंधे की बेल्ट, कंधे और छाती के आर-पार लगायी जाती है, न कि गर्दन या चेहरे के आर-पार।
2. लैप बेल्ट ऊपरी जांघों (पेट नहीं) के

### सीट बेल्ट

**8 - 12 वर्ष+***

आपके वाहन में सुरक्षा बेल्ट बच्चों के लिए डिजाइन नहीं की गई है। सर्वोत्तम प्रथाएं ये बताती हैं कि बच्चों के सीट बेल्ट के लायक होने तक बूस्टर सीट का उपयोग करने पर बच्चे सुरक्षित रहते हैं।

**सीट बेल्ट तब सही तरह से फिट होती है जब:**

1. कंधे की बेल्ट, कंधे और छाती के आर-पार लगायी जाती है, न कि गर्दन या चेहरे के आर-पार।
2. लैप बेल्ट ऊपरी जांघों (पेट नहीं) के आर-पार लगायी जाती है।
3. बच्चों की लंबाई इतनी होनी चाहिए कि वे आराम से अपने घुटनों को पीछे की सीट के किनारे पर मोड़ सकें और उनकी पीठ वाहन की सीट से चिपकी रहे।

इस बात की गंभीर अनुशंसा की जाती है कि 12 वर्ष और उससे कम उम्र के सभी बच्चों को पिछली सीट पर सही तरीके से बैठाया जाए।

### इंस्टॉलेशन*

पीछे की ओर देखने वाली बाल यात्री सीट को वाहन की सीट बेल्ट या निचले ऐंकर के साथ वाहन की सीट से जोड़ा जाना चाहिए।

सही तरीके से इंस्टॉल की गयी बाल यात्री सीटों को एक इंच से अधिक आगे-पीछे और आजू-बाजू नहीं हिलना चाहिए।

बाल यात्री सीट को कभी भी सक्रिय एयर बैग के सामने न रखें।

### इंस्टॉलेशन*

आगे की ओर देखने वाली बाल यात्री सीट को या तो वाहन की सीट बेल्ट या निचले ऐंकर और टीथर (यदि उपलब्ध हों) के साथ वाहन सीट से जोड़ा जाना चाहिए।

सही तरीके से इंस्टॉल की गयी बाल यात्री सीटों को एक इंच से अधिक आगे-पीछे और आजू-बाजू नहीं हिलना चाहिए।

बाल यात्री सीट को कभी भी सक्रिय एयर बैग के सामने न रखें।

### इंस्टॉलेशन*

बूस्टर सीटें बच्चे को रोकने के लिए सीट बेल्ट का उपयोग करती हैं और बेल्ट को बच्चे की गर्दन और चेहरे से हटाने में मदद करती हैं और बच्चे को ऐसी स्थिति में उठाती हैं जिससे लैप बेल्ट पेट से दूर रहे।

अगर बूस्टर सीट पर कोई टीथर है तो उसे उस वाहन से जोड़ दें।

आगे की सीट पर, चालक व हर एक यात्री को सीट बेल्ट पहननी चाहिए, एक व्यक्ति प्रति बेल्ट। सीट बेल्ट न पहनने पर, 16 वर्ष या उससे अधिक उम्र के चालक और आगे की सीट वाले यात्रियों में से हर एक पर $50 तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

**उम्र या बैठने की स्थिति की परवाह किए बिना सीटों पर बैठे हर एक व्यक्ति को सुरक्षा प्रतिबंध द्वारा नियंत्रित किया जाना चाहिए। 16 वर्ष से कम आयु के हर एक यात्री को सीट बेल्ट पहननी चाहिए या उपयुक्त बाल सुरक्षा नियंत्रण सिस्टम का उपयोग करना चाहिए। ड्राइवर को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि 16 वर्ष से कम आयु का हर एक यात्री कानून का पालन करे। ड्राइवर पर $25 से $100 तक का जुर्माना लगाया जा सकता है और हर उल्लंघन के लिए तीन ड्राइवर लाइसेंस पेनाल्टी प्वाइंट मिल सकते हैं।**

**TS.CPS.2017. Hindi. CPS Seat Chart Flyer 11 x 17**

Child passenger seat recommendations: American Academy of Pediatrics Safety Committee. Graphic design: adapted from National Highway Traffic Safety Administration. This flyer was modified Aug 2017 by Mohawk Valley Resource Center for Refugees with recommendations from the New York State Governors Traffic Committee. Translations provided by **Tone** at tonetranslate.com a division of Mohawk Valley Resource Center for Refugees. This project is made possible through the Mohawk Valley Resource Center for Refugees' Child Passenger Safety program funded by the National Highway Traffic Safety Administration with a grant from the New York State Governor's Traffic Safety Committee.

NEW YORK STATE OF OPPORTUNITY. Governor's Traffic Safety Committee

MVRCR MOHAWK VALLEY RESOURCE CENTER FOR REFUGEES

tone translation of nearly everything